


# Tinder Dating Safety Guide

in collaboration with

## Centre for Social Research (CSR), India

tinder®

CSR



तेज रफ्तार टेक्नोलॉजिकल प्रगति के इस युग में, हमारी जिंदगी और डिजिटल दुनिया आपस में जुड़ते जा रहे हैं, जिससे हमारे आपस में संपर्क करने, बातचीत करने और कंपेनियनशिप तलाशने के तरीके में भी परिवर्तन आ रहा है। इस गतिशील परिवेश में ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल वेल-बीइंग का महत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया है। सेंटर फॉर सोशल रिसर्च (सीएसआर), भारत एक दशक से अधिक समय से अग्रणी भूमिका निभाते हुए हमारे डिजिटल जीवन के इन महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दे रहा है।

मुझे सीएसआर इंडिया और टिंडर के बीच गठबंधन में यह डेटिंग सेफ्टी गाइड पेश करते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है। इसका उद्देश्य हमारे देश में एक महफ़ूज़ ऑनलाइन डेटिंग परिवेश स्थापित करना है। फासलों को दूर करने में टेक्नोलॉजी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन करती है, लेकिन साथ ही इसकी अपनी जिम्मेदारियाँ और चुनौतियाँ भी हैं। यह ऑनलाइन सुरक्षा गाइड मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए बहुमूल्य जानकारी, व्यावहारिक सुझाव और एक मजबूत फ्रेमवर्क प्रदान करती है ताकि डिजिटल परिवेश में हमारा डेटिंग का अनुभव समृद्ध व सुरक्षित हो।

टिंडर के साथ हमारी साझेदारी यूज़र्स की सुरक्षा, सशक्तीकरण और शिक्षा की साझा प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। यह सेफ्टी गाइड पेश करते हुए मैं एक ऐसे भविष्य की कल्पना कर रही हूँ जिसमें लोगों को सूचित निर्णय लेने, संभावित खतरों को पहचानने और आत्मविश्वास के साथ ऑनलाइन दुनिया में नेविगेट करने का पूरा ज्ञान होगा। मेरा दृढ़ विश्वास है कि डिजिटल वेल-बीइंग में CSR इंडिया की दशक भर की विशेषज्ञता और डेटिंग के लिए टिंडर के इनोवेटिव दृष्टिकोण की मदद से डिजिटल डेटिंग के एक सुरक्षित और अधिक सम्मानजनक परिदृश्य का निर्माण हो सकेगा।

मैं सीएसआर इंडिया और टिंडर की समर्पित टीमों का तहे-दिल से शुक्रिया अदा करती हूँ, जिनके अथक परिश्रम से यह डिजिटल गाइड संभव हो सकी। आइए हम सब मिलकर एक जिम्मेदार डिजिटल इंगेजमेंट की ओर बढ़ें और विश्वास, सम्मान एवं साझा मूल्यों पर आधारित संबंधों का निर्माण करें। मैं कामना करती हूँ कि यह सेफ्टी गाइड एक प्रकाश स्तंभ के रूप में डिजिटल तौर पर सुरक्षित और मुकम्मल भविष्य की ओर हमारा मार्ग रोशन करे।

CSR

**डॉ. रंजना कुमारी,**

डायरेक्टर, सेंटर फॉर सोशल रिसर्च



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

tinder

**टिंडर साल 2012 में पेश किया गया था। यह नए लोगों से मिलने के लिए दुनिया का सबसे लोकप्रिय ऐप है। टिंडर को 530 मिलियन से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है और इसके माध्यम से 75 बिलियन से अधिक जोड़े बन चुके हैं।**

हम अपने यूज़र्स की सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं। सुरक्षा की ओर हमारा लंबा सफर स्वाइप फीचर के साथ शुरू हुआ, जिसने मैसेज भेजने के लिए आपसी सहमति को आवश्यक बना दिया।

हमें मालूम है कि सुरक्षा जटिल और व्यक्तिगत होती है - और हम अलग-अलग दृष्टि से सुरक्षा बढ़ाते हैं। हम ऐसे तरीकों में लगातार निवेश करते हैं, जो टिंडर के उपयोग के दौरान यूज़र्स को सुरक्षित रखें। इन तरीकों में सेफ्टी फीचर्स का मजबूत संग्रह, इन-ऐप शिक्षा, फ्रॉड-डिटेक्शन टेक्नोलॉजी, और जरूरत पड़ने पर सीधे कानून प्रवर्तन के साथ काम करना शामिल है।

किसी भी तरह का उत्पीड़न हमेशा से टिंडर की कम्युनिटी गाइडलाइंस के खिलाफ रहा है। आप अपनी IRL मुलाकात बेफिक्र होकर कर सकें, उसके लिए हमने अपने ऐप पर स्वस्थ, सम्मानजनक बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए कई फीचर पेश किए हैं।

हम इनोवेटिव समाधान तलाशने, सर्वश्रेष्ठ विधियाँ सुनिश्चित करने, और अगर यूज़र्स को किसी नुकसान की संभावना हो, तो उस स्थिति में ट्रॉमा-इनफॉर्म्ड सपोर्ट प्रोग्राम के निर्माण के लिए बाहरी साझेदारों और विशेषज्ञों के साथ मिलकर भी काम करते हैं।

---

CSR

## सामाजिक अनुसंधान केंद्र (सीएसआर), भारत

सीएसआर इंडिया नई दिल्ली, भारत में स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है। इसका गठन 1983 में हुआ था। सीएसआर इंडिया सोशल रिसर्च, शिक्षा, क्षमता निर्माण और समर्थन द्वारा एक हिंसा मुक्त और हर जेंडर के लिए न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए समर्पित है।

चार दशकों से महिलाओं के आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाते हुए सीएसआर इंडिया ऑनलाइन दुनिया में सभी जगह महिलाओं को सुरक्षित बनाने के लिए समर्पित है। हम एक दशक से ज्यादा समय से बच्चों, युवाओं और महिलाओं के साथ काम कर रहे हैं, ताकि हर जेंडर के व्यक्ति को डिजिटल सुरक्षा और ऑनलाइन वेल-बीइंग प्रदान की जा सके।

शिक्षा, जागरूकता और क्षमता निर्माण पर केंद्रित अनेक कार्यक्रम एक साथ चलाकर, सीएसआर इंडिया ने 500,000 से अधिक प्रत्यक्ष लाभार्थियों और कई मिलियन अप्रत्यक्ष लाभार्थियों तक अपनी पहुँच बनाई है। यह उपलब्धि जेंडर-सेंसिटिव ऑनलाईन सेफ्टी एजुकेशनल रिसोर्सेज के कारण संभव हो सकी।

भारत में युवा डेटर्स को ऑनलाइन डेटिंग की दुनिया में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए टिंडर और सीएसआर इंडिया ने साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत विभिन्न स्थितियों को पहचानकर और उनकी शिनाख्त करके कार्रवाई की जाएगी, ताकि लोगों को डेटिंग का एक मजेदार और सुरक्षित अनुभव मिल सके।

ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरह से डेटिंग का एक सावधान और सम्मानजनक अनुभव पाने के लिए हमारी यह ऑल-इन-वन गाइड देखें।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# ऑनलाइन डेटिंग और टिंडर



टिंडर ने एक नया क्रांतिकारी अनुभव: स्वाइप फीचर पेश करके रातोंरात दुनिया में लोगों द्वारा मुलाकात करने के तरीके में परिवर्तन ला दिया। टिंडर ने पिछले 13 सालों में सामाजिक स्तर पर बड़े बदलाव किए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि टिंडर ने हमेशा के लिए हमारे मिलने के तरीके को बदल दिया है।

इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि टिंडर बहुत तेजी से लोकप्रिय हुआ। स्वाइप फीचर द्वारा दुनिया में बड़ी संख्या में संभावित पार्टनर आपकी उंगलियों पर आ गए। टिंडर ने किसी नए व्यक्ति से मिलना बहुत आसान और मजेदार बना दिया, जिससे एक सख्त इंसानी जरूरत पूरी हुई- सबसे अच्छी बात यह है कि आप यह सब अपने सोफे पर बैठकर कर सकते हैं।

टिंडर हर नई पीढ़ी के सिंगल्स को किसी भी रूप में किसी नए व्यक्ति से कनेक्ट होना आसान और मजेदार बना रहा है। यह कनेक्शन ऐप में कुछ मैसेज के आदान-प्रदान, एक दिन या रात या पूरे जीवन तक बना रह सकता है।

मजे के साथ सुरक्षा का गहरा नाता है; बात केवल मजे या सुरक्षा की नहीं, बल्कि मजे और सुरक्षा दोनों की है। लोग ऐसी जगह तलाशते हैं, जहाँ वो खुद का ऑथेंटिक रूप पेश कर सकें। ऐसा करने के लिए उन्हें सुरक्षित महसूस होना जरूरी है। इसलिए वो चाहते हैं कि जिस प्लेटफॉर्म पर वो समय बिताते हैं, वह उनकी सुरक्षा में निवेश करे।


टिंडर में हमारा विश्वास है कि आपका स्वस्थ और सुरक्षित डेटिंग का सफर उसी पल से शुरू हो जाता है, जब आप अपना टिंडर प्रोफाइल बनाते हैं और अपना पहला लाइक भेजते हैं। हम लोगों के लिए कनेक्ट होने और ऑनलाइन एवं ऑफलाइन, दोनों जगह सुरक्षित रहने के अग्रणी तरीकों का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**पापरी देव**
वाईस प्रेसिडेंट, एपीएसी कम्युनिकेशंस, टिंडर



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# टिंडर की कम्युनिटी गाइडलाइंस




जब लोग इस ऐप पर पहली बार साइन अप करते हैं, तो उन्हें हमारी कम्युनिटी गाइडलाइंस से सहमत होना पड़ता है। यह यूज़र्स को टिंडर से मिलने वाला पहला संदेश होता है जो सुरक्षा और सम्मान पर केंद्रित है। यह सरल आचार संहिता नए यूज़र्स को टिंडर के सुरक्षा उपायों का मार्गदर्शन प्रदान करती है।

**असली पहचान पेश करें:**
आपके फोटो, उम्र, और बायो से आपकी सही जानकारी मिलना चाहिए।

**सुरक्षित रहें:**
अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने में जल्दबाजी न करें

**शांत रहें:**
अन्य लोगों का सम्मान करें। उनके साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप अपने साथ चाहते हैं।

**सक्रिय रहें:**
बुरे व्यवहार की रिपोर्ट जरूर करें।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.


# टिंडर की कम्युनिटी गाइडलाइंस

## (आप टिंडर पर क्या नहीं कर सकते)

यदि आप ईमानदार, दयालु और दूसरों के प्रति सम्मान रखने वाले हैं, तो टिंडर पर आपका हमेशा स्वागत है। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो यहाँ आप ज़्यादा समय तक नहीं रह सकेंगे। हमारा उद्देश्य है कि यूज़र्स खुद की ऑथेंटिक अभिव्यक्ति कर सकें, बशर्ते इससे दूसरों को ठेस न पहुंचे। यहाँ पर सभी के लिए समान नियम हैं। हम आपसे विवेकशील रहने, कदम उठाने से पहले विचार करने, और ऑनलाइन एवं ऑफलाइन, दोनों जगह अपनी कम्युनिटी गाइडलाइंस का पालन करने का आग्रह करते हैं।

ध्यान रखें: आपके ऑफलाइन व्यवहार के कारण आपका टिंडर अकाउंट खारिज हो सकता है।

हमारी कम्युनिटी गाइडलाइंस की सूची नीचे दी गई है। यदि आप इनमें से किसी भी नीति का उल्लंघन करते हैं, तो टिंडर पर आपका अकाउंट बंद किया जा सकता है, और ऐसा होने के बाद यह दोबारा शुरू नहीं किया जा सकेगा।





- नग्नता / अश्लील सामग्री
- उत्पीड़न
- हिंसा और शारीरिक नुकसान
- नफरत फैलाना (हेट स्पीच)
- निजी जानकारी
- स्पैम
- जिस्मफरोशी को बढ़ावा देना
- वेश्यावृत्ति और तस्करी
- धोखाधड़ी
- नक्काली
- नाबालिग होना
- कॉपीराइट और ट्रेडमार्क का उल्लंघन
- अवैध उपयोग
- एक से अधिक अकाउंट के मालिक
- थर्ड पार्टी ऐप
- हिंसक सामग्री
- व्यवसाय को बढ़ावा देना
- सोशल मीडिया हैंडल
- सहमति के बिना तस्वीरें पोस्ट करना



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# भारत में टिंडर के सेफ्टी फीचर्स

लोग नए लोगों को अपना परिचय देने के लिए टिंडर पर प्रतिदिन भरोसा करते हैं। इसके साथ एक आवश्यक जिम्मेदारी भी आती है, और यह ऐप हर अनुभव को सुरक्षित, सम्मानजनक और सकारात्मक बनाने के लिए लगातार विकसित हो रहा है। यहाँ पर सर्चिंग से लेकर मैसेजिंग और वीडियो चैटिंग तक, भारत में टिंडर के सबसे ज्यादा सुरक्षा-केंद्रित फीचर्स दिए गए हैं।




### *Mutual Matching*

दो लोगों को बातचीत शुरू करने के लिए एक-दूसरे को लाइक करना अनिवार्य है, जो स्वाइप राइट फीचर से होता है। यानी किसी को भी उस व्यक्ति से अनचाहे मैसेज नहीं मिल सकते हैं, जिसमें उन्होंने रुचि नहीं दिखाई है।





### *Photo Verification*

जब कोई व्यक्ति अपना टिंडर प्रोफ़ाइल बनाकर साइन-अप प्रक्रिया के लिए अपना फोटो लगाता है, तो उससे टिंडर के फोटो वेरिफिकेशन फीचर का उपयोग करने के लिए पूछा जाता है। जो यूज़र्स अपने प्रोफाइल को वेरीफाई करा लेते हैं, उनके प्रोफाइल के आगे ब्लू टिक लगा दिया जाता है। इन प्रोफाइल्स को मैच मिलने की संभावना ज्यादा होती है। फोटो वेरिफाइड यूज़र्स अपनी मैसेज सेटिंग्स में जाकर केवल अन्य फोटो वेरिफाइड यूज़र्स से मैसेज प्राप्त करने का विकल्प भी चुन सकते हैं।




Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.





## *Video Selfie*

वीडियो सेल्फी ने फोटो वेरिफिकेशन का स्तर बढ़ा दिया है। अभी तक, यूज़र्स कई स्टिल फोटो लेते थे, और इन फोटो की तुलना यूज़र के प्रोफ़ाइल पर अन्य फोटो से की जाती थी। लेकिन अब अगर यूज़र्स फोटो वेरीफाई कराना चाहेंगे, तो उन्हें वीडियो प्रॉम्प्ट की सीरीज़ से गुजरना होगा। हालाँकि फोटो वेरिफिकेशन की कोई भी प्रक्रिया परफेक्ट नहीं होती है, लेकिन इससे टिंडर को ब्लू टिक ज्यादा रियल बनाए रखने में मदद मिलती है।





## *India Safety Centre*

टिंडर के सेफ्टी सेंटर में स्थानीय संसाधन, लेख, टिप्स, क्विज़ और सेफ्टी एवं प्राइवेसी फीचर्स की जानकारी दी गई है। यह ऐप का एक इंटरैक्टिव हिस्सा है, जो सैटिंग्स और सेफ्टी शील्ड में हर वक्त उपलब्ध रहता है, जो यूज़र्स द्वारा चैट करने के दौरान दिखाई देते हैं। सेफ्टी सेंटर का विकास मैच ग्रुप एडवाइज़री काउंसिल एवं अन्य एनजीओ पार्टनर्स के सहयोग से यूज़र्स की सुरक्षा बढ़ाने और उन्हें शिक्षित बनाने के लिए किया गया था, ताकि वो ऐप और IRL में अधिक सूचित विकल्प चुन सकें।




## *Unmatch*

टिंडर के यूज़र्स किसी भी समय किसी भी कारण से किसी ऐसे व्यक्ति को अनमैच या ब्लॉक कर सकते हैं, जो ठीक अच्छा मैच न हो या जिसके साथ कोई गंभीर मामला हो। अनमैच होने के बाद, वह व्यक्ति मैच सूची या मैसेज सूची में दिखाई नहीं देगा और ना तो आपका प्रोफाइल देख पाएगा, और ना ही आपको मैसेज भेज पाएगा। यूज़र्स किसी भी समय किसी ऐसे व्यक्ति की रिपोर्ट कर सकते हैं जिसे उन्होंने अनमैच किया है, या जिसने उन्हें अनमैच किया है।





## *Are You Sure?*

अगर यूज़र्स संभावित रूप से आपत्तिजनक संदेश साझा कर रहे हैं, तो पहले यह फीचर उनसे पूछता है 'क्या आपको यकीन है?' टिंडर ना केवल लोगों द्वारा अनुचित सामग्री की रिपोर्ट प्राप्त करता है, बल्कि स्वयं भी इसे सक्रिय रूप से पकड़ता है। इस फीचर का विस्तार करके इसमें और ज्यादा भाषाओं में अनुचित सामग्री को शामिल किया गया है, जिन्हें टिंडर ने हानिकारक या आपत्तिजनक वर्ग में रखा है। इसमें हेट स्पीच, यौन शोषण या उत्पीड़न से संबंधित शब्द हैं। खराब व्यवहार और अनुचित सामग्री के पैटर्न टिंडर पर किसी यूज़र के अकाउंट को बंद करा सकते हैं।




Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.





## Video Chat

टिंडर का वीडियो चैट फीचर कंफर्ट और कंट्रोल के लिए बनाया गया था। इस इन-ऐप वीडियो कॉलिंग फीचर द्वारा यूज़र्स डिजिटल मुलाकात करने, अपने मैच को वेरीफाई करने और IRL डेट पर जाने से पहले अपने बीच की केमिस्ट्री समझने में समर्थ बनते हैं। ये सभी काम व्यक्तिगत जानकारी दिए बिना हो जाते हैं।




## Does This Bother You?

अगर यूज़र्स को टिंडर पर संभावित रूप से कोई आपत्तिजनक संदेश प्राप्त होता है, तो क्या आपको यकीन है? की तरह ही उनसे पूछा जाता है, 'क्या इससे आपको परेशानी होती है?'। अगर वह यूज़र 'क्या इससे आपको परेशानी होती है?' प्रॉम्प्ट पर 'हाँ' में जवाब दे, तो उन्हें सेंडर के व्यवहार की रिपोर्ट करने का विकल्प मिलता है। इस फीचर से उत्पीड़न की रिपोर्ट करने में वृद्धि हुई है। इस फीचर का विस्तार करके इसमें और ज्यादा भाषाओं में अनुचित सामग्री को शामिल किया गया है, जिन्हें टिंडर ने हानिकारक या आपत्तिजनक वर्ग में रखा है। इसमें हेट स्पीच, यौन शोषण या उत्पीड़न से संबंधित शब्द हैं।





## Share My Date

टिंडर पर वो यूज़र्स, जो अपने पार्टनर के साथ मैच कर रहे हैं, अपनी आगामी डेट्स की जानकारी अपने भरोसेमंद लोगों के साथ साझा कर सकते हैं, ताकि उन लोगों को पता रहे वो यूज़र्स किसके साथ और कहाँ जा रहे हैं। शेयर माय डेट फीचर दोस्तों, माता-पिता और साथियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यूज़र्स एक आसान लिंक द्वारा अपनी डेट की जानकारी साझा कर सकते हैं, जिसमें सीधे ऐप से स्थान, तारीख, समय और उनके मैच की फोटो शामिल होती है। यूज़र्स तय कर सकते हैं कि वो अपनी डेट किसके साथ साझा करना चाहते हैं और ऐप के भीतर 30 दिन पहले तक असंख्य डेट बना सकते हैं।




Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.





## *User Warning*

नए वार्निंग फीचर का उद्देश्य अन्य यूज़र्स के साथ बातचीत के दौरान पारदर्शिता बढ़ाना और इन-ऐप व्यवहार में सुधार लाना है। इसके द्वारा उत्पीड़न, विज्ञापन और नक्काली जैसी समस्याओं को संबोधित किया गया है। इस फीचर द्वारा मिलने वाली चेतावनियाँ अतिरिक्त मार्गदर्शन देती हैं, और यूज़र्स को अनुचित व्यवहार की सूचना देकर उसमें सुधार लाने के अवसर प्रदान करती हैं। इन्हें तीन श्रेणियों में रखा गया है: प्रामाणिकता, सम्मान और समावेशिता, ताकि एक सुरक्षित और ज्यादा सम्मानजनक ऑनलाइन वातावरण के निर्माण में मदद मिले।





## *Reporting*

टिंडर का रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क काफी मजबूत है, जिसमें टेक्नोलॉजी और मानव समीक्षा की मदद से यूज़र के व्यवहार का आकलन बहुत तेजी से करके यह सुनिश्चित किया जाता है हमारी कम्युनिटी गाइडलाइंस का पालन हो। यूज़र्स किसी भी समय ऐप में सीधे प्रोफाइल से या सेफ्टी सेंटर द्वारा किसी की रिपोर्ट कर सकते हैं। हम रिपोर्ट को बहुत गंभीरता से लेते हैं।




## *Block Contacts*

ब्लॉक कांटेक्ट फीचर द्वारा यूज़र्स ऐप में उन व्यक्तिगत कांटेक्ट्स को ब्लॉक कर सकते हैं, जिन्हें ना वे देखना चाहते हैं, और ना उनको दिखना चाहते हैं। इससे वो किसी भी अवांछित स्थिति का सामना किए बिना नए कनेक्शंस को 'लाइक' करते हुए आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकते हैं। वो कांटेक्ट पहले से टिंडर पर हों या बाद में उसी कांटेक्ट जानकारी को डाउनलोड करें, वो कभी भी संभावित मैच के रूप में दिखाई नहीं देंगे।






## *Traveller Alert*


जब LGBTQIA+ यूज़र्स IRL ट्रैवल करते हैं या ऐसे देश में टिंडर के पासपोर्ट फीचर का उपयोग करते हैं, जहाँ उनके समुदाय को दंडित करने वाले कानून हैं, तो उन्हें सतर्क कर दिया जाता है और उस क्षेत्र में उनका प्रोफाइल दिखाए जाने से पहले उन्हें ऑप्ट आउट करने का विकल्प दिया जाता है। ट्रैवल करते वक्त लोगों से मिलने के लिए टिंडर एक बेहतरीन विकल्प है, लेकिन सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.




### ***Block Profile***

ब्लॉक प्रोफाइल एक महत्वपूर्ण फीचर है, जिससे यूज़र्स को यह विकल्प मिलता है कि वो टिंडर पर किसे देखना चाहते हैं। मैचिंग से पहले जब यूज़र्स को प्रोफाइल के सुझाव दिए जाते हैं, तो वो उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं, ताकि वो प्रोफाइल उन्हें दोबारा दिखाई ना दें। यह अपने बॉस या एक्स के प्रोफाइल को देखने से बचने का एक आसान तरीका है। यह नया फीचर ब्लॉक कॉन्टैक्ट्स और ब्लॉक करने के बाद रिपोर्ट करने के के फीचर अलावा है।

### ***Long Press Reporting***


टिंडर का उद्देश्य यूज़र्स के लिए बुरे व्यवहार की रिपोर्ट करना ज्यादा से ज्यादा आसान बनाना है। लॉन्ग प्रेस रिपोर्टिंग द्वारा लोग आपत्तिजनक संदेशों को टैप और होल्ड कर सकते हैं, जिससे सीधे चैट में रिपोर्टिंग फ्लो शुरू हो जाता है। इस फ्लो को सरल बनाकर टिंडर को उम्मीद है कि यूज़र्स बुरे व्यवहार की रिपोर्ट करेंगे, जिससे उन एकाउंट्स के खिलाफ उचित कार्रवाई संभव हो सकेगी, जो कम्युनिटी गाइडलाइंस का उल्लंघन करते हैं।

### ***Incognito Mode***

इनकॉग्निटो मोड आपकी प्रोफाइल को पूरी तरह से हाईड करने से एक कदम आगे है। सब्सक्राइबर अभी भी ऐप में लाइक और नोप कर सकते हैं, लेकिन उनकी सिफारिशों को केवल वो लोग ही देख सकेंगे, जिन्हें उन्होंने लाइक किया है। इससे आपको इस बात का पूरा नियंत्रण मिल जाता है कि टिंडर पर प्रोफाइल स्क्रॉल करते वक्त आपको कौन देखता है।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.



# ग्रीन फ्लैग्स

हम सभी जानते हैं कि डेटिंग की दुनिया में रेड फ्लैग्स होते हैं, जिन पर ध्यान देना होता है, पर क्या आपको मालूम है कि ग्रीन फ्लैग्स या पॉज़िटिव साइन भी होते हैं, जो यह संकेत देते हैं कि आपको विनर मिल गया? ग्रीन फ्लैग्स पर ध्यान देकर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि नियंत्रण हमेशा आपके हाथ में रहे, और इससे यह पुष्टि करने में मदद मिलती है कि आपको एक साथी मिल गया।

## कुछ ग्रीन फ्लैग्स, जिन पर ध्यान देना चाहिए, उनमें शामिल हैं:

- व्यावहारिक बायोडेटा जो आपको उनके व्यक्तित्व, रुचियों और उनके सेंस ऑफ़ ह्यूमर के बारे में बताए।
- आपको समय देना उनकी प्राथमिकता हो।
- सीमाओं पर खुलकर बात करना।
- खुले दिमाग से काम लेना और दयालुता दिखाना।
- वो क्या चाहते हैं, इस बारे में स्पष्ट होना।
- बातचीत को जारी रखने और दिलचस्प बनाए रखने का प्रयास करना।
- छोटी-छोटी बातों को याद रखना।
- आपके सामने नाजुक होना।
- आपको अपने असली व्यक्तित्व में सहज महसूस कराना।
- संचार में निरंतरता दिखाना।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# ऑनलाइन मुलाकात

ऑनलाइन सुरक्षित और सार्थक संबंध बनाना

**व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करें:**
अपनी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी उन लोगों को कभी ना दें, जिन्हें आप नहीं जानते। आपकी जन्मतिथि, पता, आप कॉलेज या काम पर कहाँ जाते हैं, आपकी सामान्य दिनचर्या क्या है, या आपके परिवार और दोस्तों के बारे में कोई भी जानकारी गुप्त रखी जानी चाहिए।

**ऐसे प्रोफाइल तलाशें, जो फोटो वेरिफाइड हैं**
जिन लोगों के नाम के आगे नीला टिक लगा हो, उनके प्रोफाइल से मैच करके नकली प्रोफाइल के जाल में फँसने से बचें। फोटो वेरिफिकेशन द्वारा ऐप में लिए गए कई फोटो से प्रोफाइल फोटो की तुलना करके व्यक्ति की सत्यता की पुष्टि करने में मदद मिलती है। टिंडर पर आप केवल फोटो वेरिफाइड लोगों का प्रोफाइल देखने का विकल्प भी चुन सकते हैं।

**टिंडर से जुड़े रहें:**
जब आपके मैच और आपकी कहानी आगे बढ़ जाती है, तब अगर वो आपको किसी दूसरे ऐप पर बातचीत करने के लिए कहें, तो सावधान और सतर्क हो जाएं, हो सकता है कि वो टिंडर के सेफ मैसेजेस फिल्टर से बचने की कोशिश कर रहे हों। टिंडर प्लेटफॉर्म पर बने रहने का विचार अच्छा (और सुरक्षित) है क्योंकि यह केवल टैक्स्ट, इमोजी और वीडियो कॉल की अनुमति देता है। साथ ही आपको कोई भी अवांछित फोटो मिलने की चिंता भी नहीं होती है।

**सुरक्षित रखें:**
आपका टिंडर पासवर्ड आपके मैच के साथ आपकी केमिस्ट्री के मुकाबले ज्यादा मजबूत होना चाहिए, यह महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक/शेयर्ड कंप्यूटर पर लॉग इन करते समय सावधान रहें। अगर कोई टिंडर ईमेल आपसे यूज़र नेम और पासवर्ड मांगे, तो सावधान हो जाएं (हम इस तरह के ईमेल नहीं भेजते हैं)। अगर कोई ईमेल आपसे अपने एकाउंट की जानकारी मांगे, तो तुरंत इसकी रिपोर्ट करें!

**स्कैम्स से सावधान रहें:**
अगर कोई स्कैमर वित्तीय मदद मांगे, और कोई व्यक्ति, जो फोन/वीडियो कॉल पर बात न करे, तो सावधान हो जाएं- हो सकता है कि वो जो बोल रहे हैं, वह सच ना हो। अगर कोई व्यक्ति आपके सवालों से बच रहा है या आपसे मिले या आपको जाने बिना गहरा संबंध बनाने के लिए दबाव डाल रहा है, तो यह रेड फ्लैग हो सकता है (रेड फ्लैग्स किसी मुमकिन और जारी परेशानी या नकारात्मक व्यवहार के चेतावनी संकेत हैं)।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# व्यक्तिगत रूप से मिलना

मज़ेदार और सुरक्षित IRL डेटिंग अनुभव

**सार्वजनिक स्थान पर मिलें:**
सार्वजनिक स्थानों पर मिलें, खासकर तब, जब आप पहली बार मिल रहे हों। क्यूट कैफ़े, अच्छे रेस्टोरेंट या पार्क पहली डेट के लिए अच्छी जगह हो सकते हैं।

**सीमित ड्रिंक लें:**
चुस्त और नियंत्रण में रहें। अपनी सीमाओं को जानें और आप/वो जितना चाहते हैं उससे ज्यादा पीने का दबाव ना तो कभी महसूस करें, और ना ही दूसरों पर डालें। बल्कि खासकर अपनी पहली डेट के लिए शांतिपूर्ण विकल्प, जैसे चाय या कॉफ़ी पीने, कॉमेडी शो देखने, या कराओके नाइट जाने के विकल्प चुनें ताकि बातचीत बिना शोर के आगे बढ़ती रहे।

**अपना समय लें:**
IRL डेट पर जाने से पहले, दूसरे व्यक्ति को जानने के लिए अपना समय लें। मिलने से पहले सवाल पूछने या वीडियो चैट करने से ना घबराएं। पहले सुनिश्चित कर लें कि आप उनके साथ सहज महसूस करते हैं। जल्दबाजी न करें।

**हमेशा बैकअप प्लान रखें:**
अगर आपको तुरंत बाहर निकलना पड़े, तो बैकअप प्लान तैयार रखें और सुरक्षित रहें! अपने दोस्तों को सूचित रखें और आप कहाँ हैं इसकी जानकारी अपने परिवार के किसी सदस्य को दें। अगर आप अपनी डेट के साथ कैब शेयर कर रहे हैं, तो राइड का विवरण अपने किसी दोस्त को भेजें।

**अंतःप्रेरणा का विश्वास करें:**
अगर कहीं का माहौल ठीक न लगे, तो वहाँ से तुरंत चले जाने में संकोच न करें। आपको अपनी सहूलियत और सुरक्षा को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

**अग्रिम भुगतान करने से बचें**
अगर आपसे डेट ने अग्रिम पैसे मांगे हैं, तो यह एक रेड फ्लैग है। प्रतिष्ठित स्थान अग्रिम भुगतान नहीं मांगते।

**समीक्षाओं के ज़रिए रेस्टोरेंट की प्रामाणिकता की पुष्टि करें**
क्या आपको किसी फैंसी जगह पर डेट करने का सुझाव मिला है? तो ऑनलाइन इसकी जाँच कर लें। अगर आपको यह ठीक न लगे, तो कोई जानी-पहचानी जगह चुनने पर

**शेयर माय डेट की मदद से अपने प्रियजनों को सूचित रखें**
टिंडर के शेयर माय डेट फीचर द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा के लिए अपने प्रियजनों के साथ अपनी डेट की जानकारी जैसे स्थान, समय, फोटो साझा करें।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

## Let’s talk Consent

डेटिंग और शारीरिक आत्मीयता का सफ़र मुश्किल हो सकता है। आप जिस किसी व्यक्ति से मिलेंगे, उसकी अपनी सीमाएँ और अपेक्षाएँ होंगी – इसलिए बातचीत करना महत्वपूर्ण है। यहीं पर रज़ामंदी आवश्यक हो जाती है। यह किसी भी संबंध का एक आवश्यक हिस्सा है।

रज़ामंदी बहुत सरल है। कभी इसे शब्दों से व्यक्त किया जाता है, तो कभी अमल से। मुद्दा यह है कि अगर आप किसी से ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से मिल रहे हैं तो उनकी सीमाओं का सम्मान करना आपका दायित्व है, और उन्हें आपकी सीमाओं का सम्मान करना चाहिए। अगर आप पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हैं कि वो किस बात में सहज हैं, तो उनसे पूछ लें।

युवा और पिंक लीगल के साथ साझेदारी में टिंडर का www.letstalkconsent.com एक रिसोर्स सेंटर है, जो ऐप पर और उसके बाहर रज़ामंदी से जुड़ी हर चीज़ के लिए है। इस पहल का उद्देश्य रज़ामंदी के बारे में बातचीत शुरू करना और उन युवा वयस्कों को शिक्षित करना है जो ज्यादा ईमानदार और ऑथेंटिक बातचीत चाहते हैं।

इसके अलावा, टिंडर ने युवा के साथ साझेदारी में आपसी रज़ामंदी पर केंद्रित अपनी तरह का पहला ऑनलाइन सेल्फ़-लर्निंग कोर्स, Let’s Talk Consent भी लॉन्च किया। कोर्सेरा पर निशुल्क उपलब्ध यह कोर्स भारत में पहली बार युवा वयस्कों को आपसी रज़ामंदी के बारे में विश्वसनीय और प्रामाणिक मार्गदर्शन प्रदान करता है।

# रज़ामंदी

जरूरी नहीं कि रज़ामंदी हमेशा ज़ुबानी हो, लेकिन अलग-अलग यौन गतिविधियों के लिए ज़ुबानी रज़ामंदी आपको और आपके साथी दोनों को एक-दूसरे की सीमाओं का सम्मान करने में मदद कर सकती है। ज़ुबानी रज़ामंदी में “हाँ”, “मत रोको” कहना या साथी को यह बताना शामिल है कि आप क्या चाहते हैं। गैर-ज़ुबानी रज़ामंदी में सिर हिलाकर इशारा करना, किसी को अपने करीब खींचना या सक्रिय सहभागिता, जैसे कि पारस्परिक स्पर्श शामिल हैं।

ध्यान रखें कि जब आप किसी नए साथी के साथ होते हैं तो गैर-ज़ुबानी संकेत कम स्पष्ट होते हैं, इसलिए जब तक आप किसी को अच्छी तरह से नहीं जान लेते हैं तब तक ज़ुबानी रज़ामंदी हमेशा सबसे अच्छी होती है। इसके अलावा रज़ामंदी के लिए पूछना सेक्सी हो सकता है। पूरी यौन गतिविधि में रज़ामंदी हमेशा स्पष्ट, उत्साहित, और जारी रहनी चाहिए। रिश्ते में हर किसी के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि जो हो रहा है, वो उसमें सहज महसूस करें और हर कदम पर उस सहजता की बात करें।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# रज़ामंदी वापस लेना

अगर आपको असहज महसूस हो तो आप किसी भी समय रज़ामंदी वापस ले सकते हैं। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि आप अपने साथी को स्पष्ट रूप से बता दें कि आप अब इस गतिविधि में सहज महसूस नहीं कर रहे हैं और इसे रोकना चाहते हैं। रज़ामंदी वापस लेना कभी-कभी ज़ुबानी तौर से चुनौतीपूर्ण या कठिन हो सकता है, इसलिए इसे व्यक्त करने के लिए गैर-ज़ुबानी संकेतों का भी उपयोग किया जा सकता है। किसी यौन गतिविधि में सभी लोग सहज महसूस कर रहे हैं, यह सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका है कि इसके बारे में बात की जाए, समय-समय पर इसकी जाँच की जाए, और गतिविधियों को आगे बढ़ाने या बदलने से पहले सभी लोगों की इसके लिए रज़ामंदी हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

# रज़ामंदी देना

यदि आप किसी किस्म की गतिविधि में सहज महसूस नहीं कर रहे हैं, तो आपको वो गतिविधि करना जरूरी नहीं है और ना ही किसी के पास आप पर दबाव बनाने का अधिकार है। अपने इरादों के लेकर स्पष्ट रहें और जान लें कि किसी भी डेट (या किसी भी व्यक्ति) को आपकी सीमाओं को लांघने का अधिकार नहीं है - और ना ही आपको किसी और की सीमाओं को लांघना चाहिए।

अगर आप निश्चित नहीं है कि सामने वाला व्यक्ति किसी खास गतिविधि के लिए उत्साहित है या नहीं, तो उनसे पूछें। याद रखें, “नहीं” के अभाव का मतलब “हाँ” नहीं है।

# रज़ामंदी का उल्लंघन

अगर आपकी रज़ामंदी का उल्लंघन किया गया है, तो इस स्थिति में यह किया जा सकता है:

**शांत रहें:**
हालात का शांत रहकर विश्लेषण करें और घबराएँ नहीं। घबराने से आपका मन भ्रमित हो जाएगा और आप स्पष्ट रूप से नहीं सोच पाएंगे कि आपका अगला कदम क्या होना चाहिए।

**अपने अंतर्मन की बात सुनें**
अगर आप इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि आपकी रज़ामंदी का उल्लंघन हुआ है या नहीं, तो अधिक संभावना यही है कि इसका उल्लंघन हुआ है। याद रखें, अगर आपने अपनी पूरी और उत्साहपूर्ण रज़ामंदी दी होती, तो शुरू में ही भ्रम की स्थिति पैदा नहीं होती। जब भी संदेह हो, तो हमेशा अपने अंतर्मन की बात मानें।

**योजना बनाकर अगला कदम उठाएं**
तय करें कि आप आगे क्या कदम उठाना चाहते हैं। आप अपने साथी का सामना कर सकते हैं या उससे बातचीत कर सकते हैं जिसने आपकी रज़ामंदी का उल्लंघन किया है। आप रज़ामंदी का उल्लंघन करने के लिए साथी के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई भी कर सकते हैं।

**बोझ बाँट लें**
यदि संभव है तो अपने अनुभव, भावनाओं और विचारों को अपने किसी भरोसेमंद व्यक्ति, जैसे कि परिवार के किसी सदस्य या मित्र के साथ बाँटें। इससे आपका भावनात्मक बोझ कम करने में मदद मिलेगी। यदि आप कार्रवाई करने का निर्णय लेते हैं, तो इस प्रक्रिया के दौरान एक साथी होने से आपके लिए यह आसान हो जाएगा।


Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# TINDER LOVE & CARE

# सेक्सुअल वेल-बीइंग

अंतरंगता के मायने अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग होते हैं। किसी के साथ अपनी अंतरंग जरूरतों पर चर्चा करने के मामले में सबसे ज्यादा महत्व अपने कम्फर्ट को दिया जाना चाहिए। अगर आप किसी के साथ अंतरंग होना चाहते हैं, तो आप कितना आगे जाना चाहते हैं, और आपकी सीमाएँ क्या हो सकती हैं, ये सब एक निजी और व्यक्तिगत विकल्प हैं। यह बातचीत शुरू करने का कोई एक 'सही' तरीका नहीं है - कायदा यह है कि यह बात सावधानी और संवेदनशीलता के साथ इस तरह से की जाए कि आप दोनों की भावनाओं का सम्मान हो।

टिंडर की डेटिंग वेलनेस गाइड, टिंडर लव एंड केयर, भारत की महत्वपूर्ण महिला विशेषज्ञों और समलैंगिकों की सलाह और जानकारी प्रदान करती है, जिसमें सेल्फ-केयर को प्राथमिकता देते हुए सेक्सुअल हेल्थ, अंतरंगता और डेट के साथ ईमानदार बातचीत को बढ़ावा देने जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

### भरोसा, सम्मान और देखभाल:
ये हर अंतरंग अनुभव के तीन अनिवार्य तत्व हैं। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको किसी के साथ गहरे संबंध बनाने की जरूरत है - इसका मतलब सिर्फ़ इतना है कि आपका रिश्ता चाहे जो भी हो, आपको उसके बारे में अच्छा महसूस होना चाहिए।

### छोटी-छोटी बातें:
किसी के साथ संबंध बनाने के लिए छोटी-छोटी बातें मायने रखती हैं। एक सामान्य तारीफ जैसे कि अपनी डेट को यह बताना कि वो बहुत आकर्षक लग रही हैं, या डिनर के दौरान उनका हाथ नरमी से सहलाना, अगर वो चाहें तो इससे यह केमिस्ट्री मजबूत करने में काफी मदद मिल सकती है!


### इस बारे में बात करें:
अपने साथी के साथ ऐसी जगह पर समय बिताते हुए अपने मन की बात करें, जहाँ आप दोनों सुरक्षित महसूस करते हों। सुरक्षा, रज़ामंदी, और आनंद को लेकर समान विचार होना जरूरी है, ताकि आप मिलकर तय कर सकें कि पहली बार अंतरंग होने के लिए आप क्या आज़माना और क्या टालना चाहते हैं।

### मन बदलने में कोई हर्ज नहीं:
याद रखें कि किसी काम को पूरा करना केवल इसलिए जरूरी नहीं है क्योंकि आपने उसे शुरू किया था। अगर आपको यह अच्छा नहीं लग रहा है तो आप थोड़ा विराम ले सकते हैं, या पूरी तरह से रोक भी सकते हैं। धीरे-धीरे आगे बढ़ें, अपनी गति बनाए रखें और अच्छा समय बिताएँ!

### फीडबैक ज़रूरी है:
चाहे अंतरंग होने के दौरान हो या उसके बाद, आप दोनों को यह बताने में सक्षम होना चाहिए कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं। आप उन चीज़ों के बारे में बात कर सकते हैं जो आपको अच्छी लगीं, जिनमें आपकी रुचि नहीं, या जो आपको बिल्कुल भी पसंद नहीं आईं, और अगर अगली बार आप ऐसा करें, तो आप और क्या प्रयोग करना चाहेंगे।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.



# उत्पीड़न

अगर आपको कुछ नज़र आए, तो बोलिए। आपको पता होता है कि किसी व्यक्ति ने कब हदें पार कीं, और कम वह हदें पार करता है - हम भी इसके बारे में जानना चाहते हैं क्योंकि हम टिंडर को नए लोगों से मिलने का एक सुरक्षित तरीका बनाना चाहते हैं: आप ऐप पर किसी भी ऐसे व्यक्ति की रिपोर्ट कर सकते हैं जो आपको असहज करता है या हमारे दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है, जिसने कोई गंभीर अपराध किया है, या आप व्यक्तिगत अनुभव से जानते हैं कि उसने पहले भी ऐसा व्यवहार किया है। हम अगले कुछ पन्नों पर रिपोर्ट करने का तरीका बताएंगे।

हम यहाँ आपके लिए हैं। हम उत्पीड़न को बहुत गंभीरता से लेते हैं और हम टिंडर पर यह नहीं चाहते हैं। यहाँ कुछ उदाहरण दिए गए हैं कि हम अकाउंट क्यों प्रतिबंधित करते हैं:

- भेदभावपूर्ण गालियाँ, अपमानजनक भाषा या हेट स्पीच।
- ऐप पर या उसके बाहर किसी को धमकी या आपत्तिजनक संदेश भेजना।
- हिंसा और शारीरिक नुकसान।
- अपने मैच की रज़ामंदी के बगैर ऐप से बाहर अश्लील सामग्री भेजना।
- स्पैम या प्रलोभन की सामग्री भेजना, जिसमें कमर्शियल वेबसाइटों के लिंक या उत्पाद या सेवाएँ बेचने का प्रयास शामिल हैं।


हम उत्पीड़न की सभी रिपोर्ट्स को गंभीरता से लेते हैं और आपको भी ऐसा करना चाहिए। लेकिन जब आप चीज़ों को ऑफ़लाइन ले जाते हैं तो हमें पता नहीं चलेगा कि कोई आपको परेशान कर रहा है या नहीं। अगर कोई आपको ऐप पर या उसके बाहर परेशान करने वाले संदेश भेजता है, तो हमें इन-ऐप सेफ्टी सेंटर के ज़रिए बताएं और हम वहाँ से कार्रवाई करेंगे।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# अनमैच करना और रिपोर्ट करना:

ज्यादातर लोगों का अनुभव अच्छा रहता है, लेकिन दुर्भाग्य से सभी की नीयत सही नहीं होती। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे या कोई सीमा लांघे, तो हम चाहते हैं कि आप हमें बताएं। हम आपको अनमैच करने और/या उस व्यक्ति की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो हमारे नियमों का उल्लंघन करता है।




## टिंडर इनके लिए नहीं है:

- नग्नता/अश्लील सामग्री
- फर्जी प्रोफाइल
- पैसे या दान की मांग
- अवयस्क यूज़र्स या नक्काल
- निजी जानकारी साझा करने – आपकी या किसी और की
- स्पैम या प्रलोभन की सामग्री, जिसमें व्यावसायिक वेबसाइटों के लिंक या उत्पाद/सेवाएं बेचने की कोशिश शामिल है।
- उत्पीड़न, हेट स्पीच की धमकियां, और आपत्तिजनक मैसेज (ऐप के अंदर या बाहर)
- हिंसा या अनुचित और नुकसानदायक व्यवहार, चाहे व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान हो या उसके बाद

## अनमैच कैसे करें


अगर आपको लगे कि अब आप किसी में दिलचस्पी नहीं रखते या आपका मैच अनुचित व्यवहार कर रहा है, तो आप हमेशा उसे अनमैच कर सकते हैं।

अनमैच करने के बाद आप एक-दूसरे की मैच लिस्ट से गायब हो जाएंगे। वह व्यक्ति आपको देख या मैसेज नहीं कर पाएगा।

किसी को अनमैच करने के लिए, उस व्यक्ति के साथ अपनी चैट खोलें > आईओएस पर टॉप राइट कॉर्नर में फ्लैग आइकन या एंड्रॉइड पर एलिप्सेस आइकन पर टैप करें > "अनमैच" ऑप्शन चुनें।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.




# रोमांस स्कैम

डेटिंग ऐप्स ने किसी के साथ संबंध बनाना पहले से कहीं ज़्यादा आसान बना दिया है। फिर भी, जैसा कि इंटरनेट की प्रकृति है, इसने स्कैमर्स के लिए भी अवसर पैदा किए हैं। ये स्कैमर्स ऐसे लोगों को अपना शिकार बनाते हैं जो पहले से ही संबंध की तलाश में खुद को कमजोर कर लेते हैं और उन्हें पहचानना मुश्किल हो सकता है। कभी-कभी कोई अपराधी नकली पहचान बना लेता है, लेकिन कुछ अन्य अपनी असली पहचान का इस्तेमाल करके किसी रोमांटिक या करीबी रिश्ते के भ्रमजाल में फँसा लेते हैं तथा हेराफेरी और चोरी कर सकते हैं। यह सब मासूम लग सकता है, लेकिन कुछ ऐसी निशानियां हैं, जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए।

## स्कैम को कैसे पहचानें:

### वे 10 लेकिन एक क्रिप्टो विशेषज्ञ हैं:

सख्त मनाही। अगर कोई नया प्यार आपको क्रिप्टो या निवेश संबंधी सलाह दे रहा है, तो इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि यह एक स्कैम है। हमेशा इन बातों की रिपोर्ट उस प्लेटफॉर्म पर करें जहाँ आप मिले थे।

### निवेश पर बड़ा रिटर्न देने या वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने का वादा:

स्कैमर्स इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए तकनीकों का उपयोग करेंगे कि बड़ा रिटर्न कैसे आपका जीवन बेहतर बना सकता है या आप इस नए पैसे के साथ क्या कर सकते हैं। ऐसे किसी भी व्यक्ति पर संदेह करें जो अमीर और सफल दिखता हो और आपको निवेश करना और पैसा कमाना सिखाना चाहता हो।

### वो मायूस दिखकर आपके दिल से खेल सकते हैं:

धोखेबाज़ अक्सर जताते हैं कि उन्हें आपसे मिलने के लिए वीज़ा, सीमा शुल्क, सर्जरी, परिवार के मेडिकल बिल, कार की मरम्मत या हवाई जहाज का टिकट लेने के लिए पैसे की जरूरत है। अगर वो मायूस दिखाई दें, और पैसे की बात करें, तो यह एक बड़ा रेड फ्लैग है।

### स्कैम अलग-अलग दिख सकते हैं और धीरे-धीरे बढ़ते हैं। सावधान और सतर्क रहें

ऑनलाइन स्कैम शुरू हो गए हैं क्योंकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अधिक सुलभ हो गए हैं और इनकी लोकप्रियता बढ़ गई है। स्कैमर्स लंबा गेम भी खेल सकते हैं और किसी से पहली बार मिलने के बाद ही पैसे नहीं मांगते हैं। वो अक्सर आपका विश्वास जीतने के महीनों बाद तक फाइनेंस की बात नहीं करते हैं। सबसे अच्छा उसूल यह है कि आप वायर ट्रांसफर, मनी ऑर्डर, करेंसी एक्सचेंज, गिफ्ट कार्ड या निवेश के रूप में कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति को पैसे नहीं भेजें या प्राप्त नहीं करें, जिससे आप कभी व्यक्तिगत रूप से नहीं मिले हैं। किसी भी कारण से नहीं। कभी नहीं।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

## अगर वो ऑनलाइन मिलने से बचते हैं

स्कैमर्स अक्सर योजना बनाते हैं और फिर अप्रत्याशित एवं संगीन परिस्थितियों के कारण आखिरी वक्त पर उसे रद्द कर देते हैं। इन बहानों - जैसे कि मेडिकल बिल या फैमिली इमरजेंसी, या कोई ऐसा बहाना जिसकी वजह से वो विदेश में फँसे हैं – इन कारणों से वो अक्सर वित्तीय सहायता मांगते हैं।

# खुद को स्कैम से कैसे बचाएं:

स्कैमर की गतिविधि को पहचान लेने के अलावा, आप कई उपायों से अपनी सुरक्षा को अपने हाथ में ले सकते हैं और खुद को स्कैम से बचा सकते हैं:

## सवाल पूछें

आप जैसे किसी संभावित मैच को जानने के लिए करते हैं, उसी तरह सभी सवाल पूछकर लोगों को व्यक्तिगत स्तर पर जानें। तथ्यों और कहानियों में विसंगतियों या बहुत विशिष्ट सवालों के अस्पष्ट उत्तरों पर गौर करें।

## उनके फोटो की तफ्तीश करें:


स्कैमर अपने खुद के फोटो कभी नहीं लगाते हैं। टिंडर के फोटो वेरिफिकेशन द्वारा ऐप में लिए गए कई फोटो से प्रोफाइल फोटो की तुलना करके व्यक्ति की सत्यता की पुष्टि करने में मदद मिलती है। सुरक्षित मैच के लिए केवल उन प्रोफाइल को देखें, जो फोटो वेरिफाइड हैं।

## वित्तीय जानकारी साझा ना करें

अपनी वित्तीय जानकारी, जैसे कि आपका बैंक एकाउंट नंबर, क्रेडिट कार्ड की जानकारी या कोई अन्य संवेदनशील वित्तीय डेटा किसी ऐसे व्यक्ति को कभी ना दें, जिससे आप हाल ही में ऑनलाइन मिले हों। स्कैमर्स पैसे मांगने से पहले अक्सर आपका विश्वास जीतने की कोशिश करते हैं, या आपसे वित्तीय जानकारी लेने की कोई जायज वजह बताते हैं। अपना वित्तीय विवरण गोपनीय रखकर खुद की सुरक्षा करें।

## खुद को शिक्षित बनाएं:

सुरक्षित ऑनलाइन अनुभव के लिए आम स्कैम्स की जानकारी रखें। खुद की सुरक्षा के लिए टिंडर के सेफ्टी टूल्स का उपयोग करें और अगर कुछ भी संदिग्ध लगे, तो तुरंत इन-ऐप फीचर द्वारा इसकी रिपोर्ट करें। सक्रिय और जागरूक रहकर एक सुरक्षित और ज्यादा आनंददायक डेटिंग सुनिश्चित होती है!करें!







Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# रिपोर्ट कैसे करें:

आप किसी को भी रिपोर्ट कर सकते हैं, चाहे आप उनसे मैच हुए हों या नहीं। रिपोर्ट करने के लिए आपको कई कारण चुन सकते हैं। हमारी उन्नत रिपोर्टिंग प्रक्रिया पीड़ितों को यह निर्णय लेने की स्वतंत्रता देती है कि वे अगला कदम कैसे उठाना चाहते हैं—चाहे वे तुरंत औपचारिक रिपोर्ट दर्ज करें, पहले अनमैच करें और बाद में रिपोर्ट करें, या फिर टिंडर के सपोर्ट नेटवर्क से मदद लें। रिपोर्ट करने वाले की जानकारी गोपनीय रहेगी, और जिसे रिपोर्ट किया गया है, उसे इसकी जानकारी नहीं दी जाएगी। हाल ही में, रिपोर्टिंग प्रक्रिया को RAINN के मार्गदर्शन द्वारा फिर से डिजाइन किया गया है ताकि पीड़ितों को अगले स्टेप्स के लिए ज्यादा नियंत्रण और सहारा मिल सके-




## मैच होने से पहले रिपोर्ट करना:

उस व्यक्ति की प्रोफाइल खोलें, जिसे आप रिपोर्ट करना चाहते हैं। टॉप लेफ्ट में तीन डॉट्स (•••) पर क्लिक करें या नीचे स्क्रॉल करके “रिपोर्ट” बटन पर टैप करें। रिपोर्ट करने का कारण चुनें और हमें तुरंत गोपनीय रिपोर्ट भेजें।

## मैच होने के बाद रिपोर्ट करना:

अपनी मैसेज स्क्रीन खोलें, टॉप राइट में शील्ड आइकन पर क्लिक करें। फिर अगले आइकन पर टैप करें, रिपोर्ट का कारण चुनें और हमें तुरंत गोपनीय रिपोर्ट भेजें।

## जिसे आपने अनमैच कर दिया है, उसे रिपोर्ट करना:

अगर कोई गलत व्यवहार करने वाला व्यक्ति आपकी मैच लिस्ट में दिखता रहे, तो यह परेशान करने वाला और मानसिक रूप से तकलीफदेह हो सकता है। इसलिए, हमने ऐसा रिपोर्टिंग सिस्टम बनाया है, जिससे अनमैच करने के बाद भी आसानी से रिपोर्ट की जा सके। अनमैच करने के बाद रिपोर्ट करने की सुविधा कुछ जरूरी कारणों के लिए दी गई है। हम चाहते हैं कि उपयोगकर्ता बिना हिचकिचाहट गलत व्यक्ति की शिकायत कर सकें, भले ही वे उनसे अनमैच हो चुके हों। इसलिए, हमने ऐप के अंदर सीधे रिपोर्ट करने का आसान तरीका जोड़ा है।

## यूज़र की शारीरिक सुरक्षा की पुष्टि करना:

एक स्क्रीन पेश की गई है जो शारीरिक सुरक्षा के बारे में पूछती है और जरूरत पड़ने पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों से संपर्क करने की सलाह देती है।

## चुनी हुई तस्वीरों या मैसेजेस को रिपोर्ट करना ताकि हम जल्दी कार्रवाई कर सकें


गलत व्यवहार की रिपोर्ट न करने के कई कारणों में से एक रिपोर्ट करने के बाद कार्रवाई न होने का डर है। ताकि हम उचित कार्रवाई जल्दी कर सकें और कम से कम फॉलो-अप की जरूरत हो, हमने तस्वीरों या संदेशों की रिपोर्ट करने के विकल्प दिए हैं और खुली प्रतिक्रिया के लिए ज्यादा जगह दी है। हम यह जानकारी किसी के साथ बिना अनुमति के साझा नहीं करते।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.


# रिपोर्ट करने के बाद क्या होता है?

आपने हमें सूचित करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। अब हमारी बारी है। टिंडर पर किसी को रिपोर्ट करने के बाद आप क्या उम्मीद कर सकते हैं, यह है:




### ***Greater transparency about the reporting process***

पीड़ित रिपोर्टिंग प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रोत्साहित हो उसके लिए एक प्रोग्रेस बार है, जो यह दिखाता है कि आगे और कितना समय और जानकारी चाहिए होगी। पहली स्क्रीन में सुरक्षा केंद्र तक पहुंच भी जोड़ी गई है, जो यह जानकारी देती है कि टिंडर पर रिपोर्टिंग कैसे काम करती है और रिपोर्ट पूरी होने के बाद क्या होता है।






### ***Final Review Screen:***

रिव्यू स्क्रीन यूज़र्स को कोई जानकारी जो रह गई हो उसे जोड़ने और अपनी रिपोर्ट का विवरण जांचने का मौका देती है, ताकि वे पूरे मनोबल के साथ रिपोर्ट को जमा कर सकें।

### ***Giving users choice over the information they receive:***

रिपोर्ट करने का आखिरी स्टेप है, यह जानकारी हासिल करना कि रिपोर्ट के कारण क्या कार्रवाई की गई। हम यूज़र्स को यह चुनने का मौका देते हैं कि वे अपनी रिपोर्ट पर कैसे अंतिम स्टेप लेना चाहते हैं। अगर कोई यूज़र फॉलो-अप रिपोर्ट नहीं चाहता, तो वह उसे प्राप्त करने से मना कर सकता है। जो यूज़र इन विवरणों को चाहते हैं, उनके लिए यूजर सपोर्ट टीम अपडेटेड जवाब देगी, हमें जो जानकारी साझा करने की अनुमति है, उसके तहत हमने जिस रिपोर्ट पर कार्रवाई की है, उसे हम स्पष्ट करेंगे।




### ***Every report taken seriously:***

गोपनीयता नियमों के कारण हम हमेशा रिपोर्ट की पूरी जानकारी आपके साथ साझा नहीं कर सकते, लेकिन हर रिपोर्ट को गंभीरता से लिया जाता है और सावधानी से निपटा जाता है। एक बार रिपोर्ट करने के बाद, वह अकाउंट आपकी मैच लिस्ट में नहीं दिखेगा और न ही नए कनेक्शन्स के लिए सर्च करते समय दिखाई देगा। आपने जो जानकारी दी है, वह उस व्यक्ति के साथ साझा नहीं की जाएगी जिसे आपने रिपोर्ट किया है। हमारी ट्रस्ट और सुरक्षा टीम इस मामले की जांच करेगी, अगले कदम तय करेगी और हमारी कम्युनिटी गाइडलाइन के अनुसार कार्रवाई करेगी। अगर आपने रिपोर्टिंग प्रक्रिया के दौरान ईमेल/फॉर्म द्वारा रिपोर्ट दी थी, तो आप स्वचालित प्रतिक्रिया का उत्तर देकर फॉलो-अप कर सकते हैं।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# लैंगिक विविधता
को अपनाना

# समावेशी कनेक्शन्स को बढ़ावा देना

लिंग एक स्पेक्ट्रम है, जिसमें पहचान को समझने और व्यक्त करने के कई तरीके होते हैं। यह पारंपरिक महिला-पुरुष बाइनरी से कहीं आगे बढ़कर, अलग - अलग तरह की पहचानों को शामिल करता है। सीएसआर इंडिया ने मानवता, समानता और लैंगिक-समानता की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाई है। दशकों के अनुभव के साथ, इसने लिंग को समाज के ताने-बाने में समाहित किया है।

टिंडर एक ऐसी ऐप-आधारित डेटिंग सेवा है, जिसने बाइनरी (पुरुष-महिला) पहचान में सीमित रहने की बाधाओं को तोड़ा है। टिंडर ने हमेशा अपने उपयोगकर्ताओं की स्वतंत्रता का सपोर्ट किया है, ताकि वे अपनी व्यक्तिगत पहचान को एक्सप्लोर कर सकें और ऐप के भीतर और वास्तविक जीवन (आईआरएल) में अपने आप को जिस तरह से चाहें, वैसा दिखा सकें। वर्ष 2022 में, टिंडर ने letstalkgender.in लॉन्च किया। एक पहल जो बाइनरी की पहचान की सीमाओं को समझाती है, प्रोनाउन (सर्वनाम) के महत्व पर जोर देती है, और क्वीर पहचान रखने वाले व्यक्ति के साथ रिश्ते बनाने से संबंधित सवालों का समाधान करती है। टिंडर ऐप पर उपलब्ध 50 से भी ज्यादा लिंग पहचान और 9 यौन पहचानों से प्रेरणा लेते हुए, यह उपयोगकर्ताओं को स्वयं को खुल कर व्यक्त करने की आज़ादी देता है और साथ ही ऐप पर और इसके बाहर समावेशी डेटिंग अनुभव का समर्थन करता है।

### विविध पहचानों का सम्मान करना

ऑनलाइन डेटिंग का समावेशी माहौल विभिन्न जीवन क्षेत्रों और लिंग पहचानों से आने वाले व्यक्तियों का स्वागत करता है। सच्चे संबंधों को बढ़ावा देने के लिए हर एक पहचान के प्रति आदरपूर्ण रवैया जरूरी है।

### पूछें, समझें, जुड़ें

अपने शब्दों का ध्यान रखें, क्योंकि ये महत्वपूर्ण होते हैं। किसी के लिंग या पहचान को लेकर अंदाजा लगाना सही नहीं है। पूछना हमेशा सही तरीका है। बातचीत की शुरुआत अपने प्रोनाउन (सर्वनाम) को साझा करके करें और अपने संभावित मैच को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। परिचय में प्रोनाउन व्यक्त करना यह दिखाता है कि आप उनकी पहचान का सम्मान करते हैं और उन्हें भी ऐसा करने के लिए उत्साहित करते हैं।

### अर्थपूर्ण संबंधों के लिए खुले मन से सोचें

ऑनलाइन रोमांस के सफ़र को शुरू करते समय याद रखें कि हमदर्दी बहुत जरूरी है। बातचीत में खुले मन से आएं, यह समझते हुए कि कुछ लोग अपने लिंग अनुभवों पर खुलकर बात कर सकते हैं, जबकि कुछ लोग ऐसा नहीं कर सकते। अपनी यौन पहचान की खोज बहुत मायने रखने वाली कोशिश है, यह भी ठीक है अगर आप हर ऐसे अनुभव से जुड़ नहीं पाते। जब आप संभावित पार्टनर्स से मिलें, तो अपनी भावनाओं और संदेहों के बारे में सही बात करें, क्योंकि सच्ची बातचीत से असल संबंध बनते हैं।

### उत्सुक रहें और सीखें

जहां हमेशा सीखना और आपसी सम्मान करना रहेगा वहीं सफल और सच्चे डेटिंग अनुभव की नींव बनेगी। यह एक बार आजमाने वाला हल नहीं है, बल्कि सीखने का निरंतर सफर है। विभिन्न दृष्टिकोणों को अपनाएं, अलग-अलग लोगों से जुड़ें, और अपने समझ को बढ़ाने के लिए नए विचारों को खुले दिल से अपनाएं। एक खुले मन के साथ आप लिंग की जटिलताओं को समझने और अर्थपूर्ण संबंधों को बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार होंगे।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.

# संसाधन

- One Future Collective (+91 90195 48792)

सामाजिक न्याय का समर्थन करने वाली एक नारीवादी युवा-नेतृत्व की गैर-लाभकारी संस्था है।

- Umang LBT Support Group (+91 99300 95856)

समलैंगिक महिलाओं, उभयलिंगी महिलाओं और ट्रांस व्यक्तियों के लिए एक कम्युनिटी सपोर्ट ग्रुप है।

- Pink Legal (+91 99599 04400)

महिलाओं के अधिकारों और महिला कानून को समर्पित भारत की पहली वेबसाइट है।

- The Humsafar Trust (+91 98929 40966)

भारत में LGBTQIA+ राइट्स सपोर्ट ग्रुप है।

- National Commission For Women (011 26942369, 011 26944754)

भारत में महिलाओं के हितों की रक्षा और संवर्धन करने वाली एक गवर्नमेंट बॉडी है।

- National Cyber Crime Reporting: (1930)

एक सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य साइबर अपराध के पीड़ितों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने में मदद करना है

- Women In Distress (1091)

एक सरकारी हेल्पलाइन नंबर है जो संकट में फंसी या आपातकालीन स्थिति में किसी महिला की सहायता के लिए है।

- National Human Right Commision (011 23385368, +91 9810298900)

मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थापित एक संगठन है।

- Delhi Commission for Women (011 23379181, 011 23370597)

दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित सभी मामलों की जांच और तहकीक़ात के लिए गठित एक वैधानिक निकाय है।

- All India Women's Conference (10921, 011 23389680)

भारत में महिलाओं के अधिकारों के समर्थन के लिए समर्पित एक गैर-लाभकारी संगठन है।

- Women Helpline Domestic Abuse (181)

एक हेल्पलाइन है जो हिंसा से प्रभावित महिलाओं को 24 घंटे तत्काल और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करती है

- Crisis Intervention Centre (+91 011 46131929)

सीएसआर इंडिया का मंच है जो लिंग आधारित हिंसा, भेदभाव या हमले के खिलाफ IRL और ऑनलाइन सपोर्ट देता है।



Swipe and Swipe Right are registered trademarks of Match Group, LLC.


tinder